महिला चोर ने लगाई चपत

# ई रिक्शा से पांच लाख के गहने चोरी

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 19 अप्रैल.** रिश्तेदारी में आयोजित हो रहे रिसेप्शन में शामिल होने जा रही महिला के पर्स से साढ़े पांच लाख रुपए कीमत के जेवर चोरी हो गए। महिला अपने पिता व बच्चों के

**रिश्तेदार के रिसेप्शन में शामिल होने जा रही थी महिला**

साथ सवार थी। घटना गोला का मंदिर से पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के बीच की है। घटना का छावनी पहुंचने पर चला। मामले का पता चलते ही पीड़िता पुरानी छावनी थाने पहुंची और शिकायत की। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। अब पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है, जिससे चोरों का पता लगाया जा सके। थाटीपुर स्थित कुम्हरपुरा साठ फुटा रोड निवासी 28 वर्षीय रीना जाटव पत्नी प्रमोद जाटव गृहिणी है। उनके भाई की शादी का रिसेप्शन कार्यक्रम पुरानी छावनी में आयोजित हो रहा था, जिसमें शामिल होने के लिए वह बच्चों व पिता के साथ जाने के लिए निकली थी। गोला का मंदिर चौराहे से ई रिक्शा लिया। ई रिक्शा में उनके सवार होते ही एक महिला सवार हुई और रीना के बगल में आकर बैठ गई। यादव धर्मकाटे पर पहुंचने के बाद महिला ई रिक्शा से उतर गई। रीना व उसके पिता पुरानी छावनी उतरे तो रीना की नजर पर्स पर गई तो पता चला कि पर्स की चेन खुली हुई थी। इसका पता चलते ही उसने पर्स चेक किया तो पता किया तो होश उड़ गए उसके बैग में रखे साढ़े तीन तोला वजनी सोने के जेवर सहित 150 ग्राम चांदी के जेवर गायब थे। जेवर गायब देखकर उसने शोर मचाया। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद मामला दर्ज कर लिया है। आज कल सवारी वाहन चोरों के निशाने पर हैं और यह उनका सॉफ्ट टारगेट बन गया है। वारदात को अंजाम देने के लिए इस गिरोह के सदस्य दो थानों के बीच वारदातों को अंजाम देते हैं, जिससे वह वारदात के बाद आसानी से निकल सकें और पीड़ित दो थानों के बीच चक्कर काटता रहे।

**सीसीटीवी में कैद हुई घटना**

पुलिस ने संदेही महिला चोर की तलाश के लिए सीसीटीवी खंगाले तो महिला चोर यादव धर्मकाटे पर उतरती हुई और पैदल जाते हुए कैद हुई है। अब पुलिस उसके आने और जाने का रूट तैयार कर रही है, जिससे उसे पकड़ा जा सके।

**बाहरी चोरों पर शंका...**

पुलिस अफसरों का मानना है कि शहर में सवारी वाहनों में वारदात करने वाले चोर बाहरी जिलों से आकर वारदात को अंजाम देते हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद वह जिले से बाहर चले जाते हैं और पुलिस उन्हें तलाशती रहती है। अब बाहरी जिलों से आने वाले संदेहियों की जानकारी जुटाई जाएगी, जिससे इन घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

**इनका कहना है...**

एक महिला के पर्स से सोने व चांदी के जेवर चोरी हुए हैं। मामला दर्ज कर लिया है, कुछ सुराग मिले हैं, जिनकी पड़ताल की जा रही है, जल्द ही चोरों को पकड लिया जाएगा।

**संतोष सिंह यादव, टीआई पुरानी छावनी**



## ग्वालियर सहित प्रमुख स्टेशनों पर 'प्याऊ' के माध्यम से नि :शुल्क शीतल पेयजल सेवा प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 19 अप्रैल.** मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में ग्रीष्म ऋतु के दौरान यात्रियों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से झांसी मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 'प्याऊ' के माध्यम से नि:शुल्क शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। इस क्रम में गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), सामाजिक संस्थाओं, स्काउट एवं गाइड तथा स्वयंसेवी व्यक्तियों के सहयोग से ग्वालियर, डबरा, दतिया, मुरैना, भिंड, बेलाताल, झांसी, ललितपुर,

**रेल प्रशासन ने स्टेशन पर यात्रियों की प्यास बुझा रहे संगठनों के कार्य को सराहा**

मऊरानीपुर, बरुआसागर, बांदा एवं हरपालपुर सहित अनेक स्टेशनों पर सामान्य श्रेणी (जी एस) कोचों के सामने प्लेटफार्मों पर 'प्याऊ' स्थापित किए गए हैं।

रेल प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि यात्रियों को यात्रा के दौरान पेयजल की किसी प्रकार की कमी न हो। यह पहल विशेष रूप से सामान्य श्रेणी के यात्रियों को भीषण गर्मी में राहत प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस प्रकार के जनसहभागिता आधारित प्रयास भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

## अकाउंटेंट से मोबाइल लूट ले गए झपटमार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 19 अप्रैल.** दर्शन कर वापस घर जा रहे अकाउंटेंट से स्कूटर सवार तीन बदमाश मोबाइल झपट ले गए। घटना बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के लिटिल फ्लॉवर स्कूल के सामने की है। अचानक हुई घटना से अकाउंटेट

**बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के लिटिल फ्लॉवर स्कूल के सामने घटी घटना**

सहम गया और जैसे ही उसकी तंद्रा टूटी उसने शोर मचाया। मामले का पता चलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और लुटेरों का पीछा किया, लेकिन वे भाग निकले। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया

है। सदाशिव नगर बहोड़ापुर निवासी 53 वर्षीय हरीश कुमार शर्मा पुत्र रामदुलारे शर्मा अकाउंटेंट है और सेंट्रल लाइब्रेरी में पदस्थ है। रोजाना वह मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं और कोटेश्वर मंदिर के दर्शन करते हुए वापस आते हैं। बीते रोज भी वह पैदल-पैदल वापस लौट रहे थे और अभी लिटिल फ्लॉवर स्कूल के सामने पहुंचे थे कि तभी पीछे से स्कूटर सवार तीन युवक आए और झपट्टा मार कर उनका मोबाइल झपट ले गए। वह कुछ समझ पाते उससे पहले ही स्कूटर सवार अपना स्कूटर भगा ले गए। इसके बाद उन्होंने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

**सीसीटीवी से लुटेरों की तलाश**

लुटेरों का सुराग लगाने के लिए पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है, जिससे लुटेरों का सुराग लगाया जा सके। पीड़ित ने बताया कि तीनों लुटेरे 18 से 25 साल के बीच थे और वह वारदात के बाद संत कृपाल आश्रम की तरफ भागे हैं।


**इनका कहना है..**


एक अकाउंटेंट से स्कूटर सवार तीन बदमाश मोबाइल झपट ले गए हैं। मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है, जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

**- आलोक परिहार, टीआई बहोड़ापुर**

## बिरला नगर में दुकान में रखे 88 हजार रुपए ले उड़े चोर

**ग्वालियर 19 अप्रैल.** एक दुकान के गल्ले से चोर 87 हजार 550 रुपए चोरी कर ले गए। घटना हजीरा थाना क्षेत्र के बिरला नगर रोड यूको बैंक के बगल में कृष्णा ट्रेडर्स की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। कोटेश्वर कॉलोनी निवासी 57 वर्षीय संजीव कुमार सिंघल व्यवसायी है और उनकी बिरला नगर यूको बैंक के पास कृष्णा ट्रेडर्स के नाम से शॉप है। बीते रोज वह टायलेट करने के लिए गए थे। इसी बीच एक चोर दुकान के गल्ले से 87 हजार 550 रुपए निकाल ले गया। मामले की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।












स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95